# 2030 तक 27 लाख होंगे कैंसर पीड़ित

**इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर**

अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के शोध में 7 लाख से ज्यादा नए प्रकार के कैंसर का पता चला है।

शोध के मुताबिक वर्ष 2030 तक करीब 27 लाख व्यक्ति कैंसर से ग्रस्त होंगे। इसके कारण 1.7 लाख कैंसर पीड़ित व्यक्तियों की हर वर्ष मृत्यु होगी। कैंसर से बचाव के लिए हमने टारगेट ड्रग डिलिवरी टेक्निक विकसित की है। इससे विभिन्न तरह के कैंसर का पता लगाया जा सकेगा, साथ ही इसका उपचार शरीर के अन्य अंगों को प्रभावित किए बिना हो सकेगा। यह कहना है आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर डॉ. वेंकटेश का। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ केमिकल साइंस विभाग में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार हुआ। इसका विषय 'न्यू डायमेंशन्स इन केमिकल साइंसेस' था। इसमें आईआईटी इंदौर के प्रो. वेंकटेश और डॉ. विश्वरूप पाठक मौजूद थे। दिल्ली आईआईटी से डॉ. आरपी सिंह ने भी बॉडी के अनुकूल बनाए जाने वाले ड्रग डिजाइन पर बात की। आईआईटी दिल्ली के डॉ. सिंह ने कहा कि कम कीमत में भी रिसर्च के क्षेत्र में सफलता हासिल की जा रही है। आईआईटी इंदौर के प्रो. पाठक ने क्लीन एनर्जी फ्यूल सेल के बारे में बताया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. नरेंद्र धाकड़ ने विभाग की वेबसाइट बनाने वाले स्टूडेंट रितिक जैन और धनंजय पुरोहित को स्मृति चिन्ह और 5 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। विभाग के हेड डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि केमिकल क्षेत्र में भी कई ऐसे विषय हैं, जिसमें अच्छा स्कोप दिखाई देता है।

**डीएवीवी के केमिकल साइंस विभाग में नेशनल सेमिनार आयोजित**

Nai Dunia (Indore), 9th March 2019, Nai Dunia Live, Page-21